दिनांक 15.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव के द्वारा ''भिलाई के गोठ'' कार्यक्रम के अंतर्गत आज वार्ड 64 सेक्टर 10 सेक्टर ए मार्केट एवं सी मार्केट क्षेत्र का भ्रमण करते हुए गणमान्य नागरिकों के साथ चौपाल लगाई वार्ड के नागरिको से रुबरु होकर जनसमस्याओं से अवगत् हुए। वार्ड के विभिन्न मांगों को लेकर नागरिकों के द्वारा आवेदन महापौर को सौंपे गये। जिसके निराकरण करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया। वार्ड के नागरिक एवं मार्केट एसोसिएशन के द्वारा निगम महापौर श्री यादव का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

चौपाल में उपस्थित कांती देवी ठाकुर के द्वारा महापौर को आवेदन प्रस्तुत करते हुए ए मार्केट स्थित सार्वजनिक शौचालय जो काफी लंम्बे समय से बंद पड़ी है तथा उक्त शौचालय में बहुतयात गंदगी फैली हुई है जिसके प्रदुषण से बिमारियों का डर बना रहता है उक्त सुलभ शौचालय को आम नागरिकों के लिए खुलवाये जाने एवं शौचालय के आसपास फैली गंदगी को साफ कराये जाने की मांग रखी गई मैक्स बेकरी के सामने शॉप 252 से 256 स्थित बड़े नाले जाम हो जाने की समस्या का निराकरण किये जाने हेतु महापौर से मांग की गई। इसी प्रकार व्यवसायी नारायण दास एवं नागरिकों द्वारा सिवरेज लाईन जाम होने की शिकायत जिसमें शॉप नं. 87 से 92 तक शॉप के पीछे की सिवरेज लाईन जाम होने की बात रखी उक्त सिवरेज लाईन के जाम होने के कारण गंदा पानी बहकर सड़क एवं घरों में घुस जाता है जिससे आवागमन की समस्याएं भी उत्पन्न होती है उक्त समस्या के निराकरण के संबंध में महापौर ने बीएसपी प्रबंधन से दुरभाष के जरिये सम्पर्क कर जानकारी दी और उपस्थित अधिकारियों को समस्या के निदान हेतु बीएसपी को पत्र प्रेषित करने निर्देश दिये गये।

श्रवण लाड़ी द्वारा शिकायत की गई कि संध्या होते ही सड़क 5 एवं 6 के बीच स्थित ग्राउण्ड में अंधेरा होने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है एवं शराबखोरी जैसी असामाजिक गतिविधियां खुलेआम की जाती है जिससे सदैव आसपास के रहवासियों के मध्य भय का माहौल बना रहता है रात्रिकालीन गश्त लगाने की आवश्यकता, एलईडी लाईट प्रकाश व्यवस्था की परमिशन संबंधित प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने की मांग पर महापौर ने संबंधित थाने के टी.आई. से दुरभाष के जरिये बात कर उक्त मांग के निराकरण करने के निर्देश दिये।

वार्ड दौरे के दौरान वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती सुभद्रा सिंह, जोन 05 के जोन आयुक्त डी.के. वर्मा, वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी

जगदम्बा
उत्कल